an>

Title: Regarding development of two-way railway line between Saharanpur and Meerut.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका और सदन का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। सहारनपुर उत्तर प्रदेश का एक अतिमहत्वपूर्ण मण्डल मुख्यालय है। सहारनपुर से मेरठ रेल लाइन के दोहरीकरण की मांग वर्षों से एक मांग लम्बित पड़ी है। उद्योग, व्यापार और कृषि की दृष्टि से सहारनपुर एक महत्वपूर्ण स्थान उत्तर प्रदेश और भारत में रखता है।

माननीय अध्यक्ष : आप रेल लाइन की डिमांड कर लीजिए, मैं आपको ज्यादा समय नहीं दे पाऊंगी।

श्री राघव लखनपाल : महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि वर्षों से चली आ रही इस मांग को ध्यान में रखते हुए, दोहरीकरण का कार्य स्वीकृत करते हुए, उस कार्य को प्रारंभ कराया जाए।